वर्ष- 3 , अंक- 51
छपरा
10 जनवरी शनिवार 2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## सिंघवी बोले-कुत्तों से जुड़े नियम मौजूद, कोर्ट दखल न दे

**सलाह एक्सपर्ट से ही लें; अफसरों की राय के कारण अरावली पर फैसला पलटना पड़ा**



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से इस मामले में दखल न देने की अपील की। ACGS (All Creatures Great and Small) नाम की संस्था की तरफ से दलील दे रहे सिंघवी ने कहा कि इस विषय पर कानून और नियम पहले से मौजूद हैं। ऐसे में अदालत का हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। जब संसद जानबूझकर दखल नहीं दे रही है तो वहां अदालत को भी नहीं जाना चाहिए। सिंघवी ने आगे कहा कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) अच्छे तो होते हैं लेकिन वे कानून के सलाहकार होते हैं। किसी सब्जेक्ट के एक्सपर्ट नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स (जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञ) को भी शामिल किया जाना चाहिए।

## गुजरात के राजकोट में 12 घंटे में 7 भूकंप आए

**2.7 से 3.8 के बीच रही तीव्रता; स्कूलों में छुट्टी की गई**

**राजकोट ,एजेंसी।** गुजरात के राजकोट में पिछले 24 घंटे में भूकंप के 7 झटके महसूस किए गए। झटके हल्के थे जिससे किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक इन झटकों की तीव्रता 2.7 से 3.8 के बीच दर्ज की गई। एहतियात के तौर पर आसपास के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केंद्र उपलेटा से 28 किमी दूर दर्ज किया गया। बार बार आ रहे झटकों से लोगों में बड़ें भूकंप का डर बैठ गया है।

**शुक्रवार सुबह 6 बार आया भूकंप :** अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह 6 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। पहला झटका सुबह 6 :19 बजे, दूसरा झटका 6 :55 बजे और तीसरा 6 :58 पर आया। इसी तरह सुबह 7 :10 पर पांचवां, 7 :13 पर छठवां और 7 :33 पर सातवां भूकंप आया। सुबह 6 :19 बजे आए भूकंप की तीव्रता 3.8 मैग्नीट्यूड थी। वहीं गुरुवार रात 8 :43 बजे भी झटका महसूस किया गया था।

**BIS ने कहा था- 75% आबादी खतरानाक क्षेत्र में रह रही-** भारत सरकार की संस्था ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (BIS) ने जनवरी 2025 में देश का नया भूकंप डेंजर मैप जारी किया था।

**बंगाल में टीएमसी का सियासी मोर्चा**

# ईडी रेड के विरोध में टीएमसी का दिल्ली से कोलकाता तक प्रदर्शन, ममता ने दर्ज कराई दो एफआईआर

**नई दिल्ली/ कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के आईटी सेल के प्रमुख के ठिकानों पर गुरुवार को हुई प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के विरोध में तृणमूल कांग्रेस दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रवर्तन निदेशालय पर दो प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला।

इधर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अदालत परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से



प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। याचिका में ममता बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी। इससे पहले शुक्रवार सुबह पार्टी के 8 सांसदों ने दिल्ली में गृह मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन किया। डेरेक ओ ब्रायन, महुआ मोइत्रा, कीर्ति आजाद नारेबाजी करते नजर आए। इस दौरान धक्का-मुक्की हुई, कुछ सांसद गिर भी गए। पुलिस ने सांसदों को सुबह 10 बजे हिरासत में लिया और दोपहर 12 बजे छोड़ दिया।

इस कार्रवाई के बाद ममता बनर्जी ने एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा– गृह मंत्री के दफ्तर के बाहर विरोध करना हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों का लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्हें सड़कों पर घसीटना कानून का पालन नहीं है, बल्कि यह पुलिस के अहंकार को दिखाने की कोशिश है।

### अभिषेक बनर्जी बोले- बंगाल के लोग बीजेपी के सामने नहीं झुकेंगे

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष के खिलाफ जितनी चाहें उतनी एजेंसियों का इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन बंगाल के लोग बीजेपी और दिल्ली के मालिकों के सामने नहीं झुकेंगे।

### कांग्रेस नेता बोले- तृणमूल कांग्रेस प्रवासी मजदूरों पर हमले का विरोध नहीं करती।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सिर्फ प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी पर ही विरोध कर रही है, लेकिन बंगाल के प्रवासी मजदूरों पर हमलों पर कभी विरोध नहीं किया।

### ईडी ने ममता बनर्जी व अन्य 4 के खिलाफ मुकदमा दायर किया



ED ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत कलकत्ता हाई कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की है, जिसमें छह लोगों को प्रतिवादी बनाया गया है। इनमें पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल के DGP, कोलकाता के पुलिस कमिश्नर, पुलिस उपायुक्त (दक्षिण कोलकाता) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) शामिल हैं।

# ईरान के 100 शहरों में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन पुलिसकर्मी की हत्या, अब तक 45 की मौत

**तेहरान एयरपोर्ट, इंटरनेट-फोन सर्विस बंद**



**तेहरान,एजेंसी।** ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 100 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन फैल चुका है।

प्रदर्शनकारियों ने सड़कें ब्लॉक कीं, आग लगाई। लोगों खामेनेई को मौत और ÷इस्लामिक रिपब्लिक का अंत हुआ÷ जैसे नारे लगाए। कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारी क्राउन प्रिंस रजा पहलवी के समर्थन में रहे। उन्होंने यह आखिरी लड़ाई है, शाह पहलवी लौटेंगे के नारे लगाए।

अमेरिकी ह्यूमन राइट एजेंसी के मुताबिक, प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में अब तक 45 लोग मारे गए हैं, जिनमें 8 बच्चे शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जबकि 2,270 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। देशभर में इंटरनेट और फोन सेवाएं फिलहाल बंद कर दी गई हैं। तेहरान एयरपोर्ट को भी बंद कर दिया गया है और सेना को अलर्ट पर रखा गया है।

### निर्वासित प्रिंस रजा पहलवी ने लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की थी

तेहरान में बाजार बंद रहे, छात्रों ने यूनिवर्सिटी कैंपस पर कब्जा किया। इसके तुरंत बाद सरकार ने पूरे देश में इंटरनेट और फोन लाइनें काट दीं। इसे इंटरनेट वॉचडॉग नेटब्लॉक्स ने हिंसक दमन की तैयारी बताया। फिर भी कुछ लोग स्टारलिंक से वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। स्टारलिंक, इलॉन मस्क की इंटरनेट सर्विस है, जो सैटेलाइट से ऑपरेट होती है। प्रदर्शन और तेज हो गए जब निर्वासित प्रिंस रजा पहलवी ने गुरुवार को लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की। रजा पहलवी ईरान के आखिरी शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे हैं।

**थरूर बोले- नेहरू की गलतियां स्वीकार करना जरूरी**

# लेकिन हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना गलत, मोदी सरकार उनकी विरोधी

**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि नेहरू की गलतियों को स्वीकार करना जरूरी है, लेकिन देश की हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना पूरी तरह गलत और अनुचित है।

थरूर ने कहा- मैं यह नहीं कहूंगा कि मोदी सरकार लोकतंत्र-विरोधी है, लेकिन वे निश्चित रूप से नेहरू-विरोधी हैं। नेहरू को एक सुविधाजनक बलि का बकरा बना दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मैं भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों और दृष्टिकोण की गहरी प्रशंसा करता हूं, लेकिन नेहरू की हर मान्यता और नीति का बिना आलोचना समर्थन नहीं कर सकता।

थरूर गुरुवार को केरल विधानसभा अंतरराष्ट्रीय पुस्तक



महोत्सव (KLIBF) के चौथे संस्करण में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नेहरू भारतीय लोकतंत्र के संस्थापक थे। उन्होंने इसे मजबूती से स्थापित किया।

**अस्थमा, लिखने-पढ़ने की आदत का जिक्र :** अपने लेखक जीवन की चर्चा करते हुए थरूर ने कहा कि बचपन में अस्थमा की बीमारी के कारण उनका झुकाव किताबों की ओर हुआ। उस समय न तो टेलीविजन था और न ही मोबाइल फोन, इसलिए किताबें ही उनकी सबसे करीबी साथी बन गईं।

उन्होंने बताया कि उनका पहला उपन्यास बहुत कम उम्र में लिखा गया था, लेकिन स्याही गिरने के कारण वह नष्ट हो गया। श्री नारायना गुरू की जीवनी उनकी 28वीं पुस्तक है। दुनिया के कई हिस्सों में पढ़ने की आदत घट रही है, लेकिन केरल आज भी पढ़ने की संस्कृति में अग्रणी बना हुआ है।

उन्होंने बताया कि 1989 में The Great Indian Novel इसलिए लिखा क्योंकि उस समय भारत में व्यंग्य विधा लगभग न के बराबर थी। युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए थरूर ने कहा कि आज के दौर में कम पन्नों वाली छोटी किताबें ज्यादा प्रभावी हो सकती हैं, क्योंकि लोगों के पास पढ़ने के लिए समय कम होता जा रहा है।



# गुजरात के राजपीपला में बाघ की 37 खालें और 133 नाखून जब्त

**जर्जर मकान में एक पेटी में भरे हुए थे, 30 से 35 साल पुराने होने का अनुमान**

**नर्मदा (गुजरात) ,एजेंसी।** गुजरात में नर्मदा जिले के राजपीपला शहर के पास स्थित प्रसिद्ध धर्मेश्वर महादेव मंदिर के पुराने भवन से बाघ की 37 खालें और 133 नाखून जब्त हुए हैं। वन विभाग ने खालों और नाखूनों के 30- से 35 साल पुराने होने का अनुमान लगाया है। हालांकि, वन विभाग ने इनकी प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए नमूने वन सेवा विभाग (एफएसएल) को भेजे हैं।

जर्जर मकान की मरम्मत के दौरान मिली खालें राजपीपला शहर के हनुमान धर्मेश्वर मंदिर के कैंपस में जर्जर मकान की मरम्मत के दौरान बदबू आने पर मंदिर ट्रस्टियों ने वन विभाग को सूचना दी। इसके बाद वन-विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एक कमरे से बाघों की खाल और नाखूनों से भरी एक पूरी पेटी बाहर निकाली। 30-35 साल पुरानी हैं खाले वन विभाग की टीम को मौके से लुप्तप्राय बाघों की 37 पूरी खालें, 4 खालों के टुकड़े और करीब 133 बाघों के नाखून मिले हैं। खालों और नाखूनों को



एफएसएल जांच के लिए भेज दिया गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि ये खालें करीब 35 साल से अधिक समय से पेटी में रखी हुई थीं। मंदिर के पुजारी रहते थे इस मकान में मंदिर ट्रस्टी प्रकाश व्यास ने बताया कि मकान के जिस कमरे से बाघों की खाल और नाखूनों से भरी पेटी मिली है। उस कमरे में कभी मंदिर का पुजारी महाराज रहा करता था। पुजारी का तीन महीने पहले निधन हो चुका है। पुजारी मध्यप्रदेश के रहने वाले थे और उनके पास देश भर से साधुओं का आना-जाना भी रहता था। दूर-दराज से आए कई साधु पुजारी के कमरे में ही ठहरा करते थे। आरएफओ जिग्नेश सोनी ने बताया कि जांच के दौरान बाघों की कुल 37 खालें और 133 नाखून बरामद किए गए हैं। वन विभाग ने वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा 172 के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक में घुसी कार: पूर्व मंत्री की बेटी समेत तीन मौत

**● मृतकों में कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल, एक घायल ; इंदौर में पार्टी कर लौट रहे थे**



मानसंधु (26) | प्रेरणा बच्चन (26) | प्रखर कासलीवाल (25)

**इंदौर,एजेंसी।** इंदौर में तेज रफ्तार कार ट्रक में घुस गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा और कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता आनंद कासलीवाल का बेटा प्रखर शामिल हैं। कार सवार एक युवती गंभीर घायल है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसा रालामंडल इलाके में शुक्रवार सुबह करीब 5:15 बजे हुआ। डीसीपी कृष्ण लाल चंदानी ने बताया, ग्रे कलर की नेक्सन कार (MP13 ZS8994) में प्रेरणा बच्चन (26), प्रखर कासलीवाल (25), मानसंधु (26) और अनुष्का राठी सवार थे। प्रखर का जन्मदिन था, चारों शराब के नशे में थे और कोको फार्म में बर्थडे पार्टी मनाकर इंदौर लौट रहे थे। कार प्रखर चला रहा था। नशे में होने के कारण कार अनकंट्रोल होकर ट्रक में जा घुसी। हादसे में प्रेरणा, प्रखर, मानसंधु की मौके पर ही मौत हो गई। अनुष्का घायल है। कार में शराब की बोतल मिली है।

**इंदौर में कैंची से टेप काटते समय लापरवाही**

# डेढ़ माह के मासूम का अंगूठा कटा, नर्स सस्पेंड

**इंदौर,एजेंसी।** इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के न्यू चेस्ट वार्ड में नर्सिंग लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। यहां एडमिट डेढ़ माह के मासूम का इंट्राकेथ बदलते समय नर्सिंग ऑफिसर ने तेज और लापरवाही से कैंची चला दी, जिससे बच्चे का अंगूठा कटकर अलग हो गया और जमीन पर गिर पड़ा।

घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे की है। मामला सामने आने के बाद डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने नर्सिंग ऑफिसर आरती श्रोत्रिय को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही तीन नर्सिंग इंचार्ज का एक-एक माह की वेतन रोक दिया है।

**नर्सिंग ऑफिसर को चक्कर आए :** हादसे के बाद नर्सिंग ऑफिसर को चक्कर आ गए। मौके पर मौजूद ड्यूटी डॉक्टर और



स्टाफ ने तत्काल ड्रेसिंग कर मामले को संभालने और दबाने की कोशिश की। बच्चे को तुरंत सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल भेजा गया, जहां सर्जरी कर उसका अंगूठा जोड़ा गया। परिजनों को भरोसा दिलाया गया कि घबराने की कोई बात नहीं है।

**निमोनिया के चलते कराया था भर्ती :** बताया गया कि 24 दिसंबर को बेटमा के बजरंगपुरा गांव निवासी अंजुबाई के डेढ़ माह के बच्चे को निमोनिया के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था। मां ने बताया कि हाथ में सूजन होने पर नर्सिंग ऑफिसर को बुलाया गया था। इंट्रा कैथ के टेप को काटते समय कैंची बच्चे के अंगूठे पर चल गई।

### डीन ने जांच के लिए बनाई कमेटी

मामले की जांच के लिए डॉ. अशोक यादव (सुपरिटेंडेंट, MYH) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी में डॉ. निर्भय मेहता (इंचार्ज, न्यू चेस्ट वार्ड), डॉ. रोहित बडेरिया (डिप्टी सुपरिटेंडेंट) और दयावती दयाल (नर्सिंग सुपरिटेंडेंट) को शामिल किया गया है। कमेटी ने नर्सिंग ऑफिसर के बयान दर्ज कर लिए हैं और जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

# मेरठ में मां की हत्या कर दबंग बेटी उठा ले गया

**● अगवा दलित लड़की का 24 घंटे बाद भी पता नहीं ● चंद्रशेखर बोले-हाथरस नहीं बनने देंगे**

**मेरठ,एजेंसी।** मेरठ में मां की हत्या कर अगवा की गई दलित लड़की का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी युवती का पता नहीं चल सका है। गुरुवार को आरोपी पारस राजपूत ने मां की हत्या कर लड़की का अपहरण कर लिया था। आरोपी के पकड़े जाने और लड़की की सकुशल वापसी तक परिजन ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। कपसाड़ गांव में परिजन से मिलने जा रहे सपा विधायक अतुल प्रधान को पुलिस ने गांव में घुसने नहीं दिया। उनको गांव के बाहर ही रोक दिया गया,



पारस राजपूत, आरोपी | सुनीता, मृतक

पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। इसके बाद वह गांव के बाहर धरने पर बैठ गए। सपा, आजाद समाज पार्टी और भारतीय किसान यूनियन के लोग भी पहुंचने लगे हैं। गांव में 10 थानों की पुलिस, RAF और PAC तैनात है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बसपा चीफ पूर्व सीएम मायावती, सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण आदि ने इस घटना की निंदा करते हुए प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।

**भाई ने जताई अनहोनी की आशंका; पिता बोले-शादी की खुशियां तबाह हुई :** पीड़िता के भाई नरसिंह ने कहा कि 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी बहन का कोई पता नहीं चला है। उन्होंने बहन के साथ अनहोनी की आशंका जताई है और आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। पिता ने बताया- बेटी की शादी की तारीख तय करने वाले थे। मई में डेट फिक्स थी, उसे बदलकर अप्रैल के लिए मुहूर्त निकलवाना था लेकिन दरिंदों ने शादी की खुशियां मातम में बदल दी।

### मां की हत्या कर बेटी को उठा ले गया दबंग

दरअसल, गुरुवार को युवती अपनी मां के साथ खेत की ओर जा रही थी। रास्ते में खड़े एक युवक ने लड़की से छेड़छाड़ की। जब मां ने इसका विरोध किया तो युवक ने गाली-गलौज करते हुए महिला पर फरसे से हमला कर हत्या कर दी। इसके बाद लड़की को उठा ले गया।

### मंत्री धर्मपाल बोले-अपराधी की कोई जाति नहीं होती

प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती। यह घटना निंदनीय है। एसएसपी को आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए हैं। युवती को भी जल्द सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। सपा सरकार में गुंडाराज था, जिसे योगी सरकार ने खत्म किया है। अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# पंचायतो में फार्मर रजिस्ट्रेशन के लेकर लगाई गई कैंप में सैकड़ो किसानो फार्मर रजिस्ट्री कराया

### जमाबंदी में पिता, दादा के नाम होने के कारण फार्मर रजिस्ट्री से वंचित हो गए हजारों किसान



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार सोनपुर प्रखंड के 18 पंचायत में कृषि विभाग के तत्वाधान में फार्मर रजिस्ट्री हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया । कैंप में कृषि एवं राजस्व विभाग, प्रखंड कर्मी के अधिकारियों व कर्मियों ने संयुक्त रूप से किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, इसके लाभ एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। वहीं मौके पर सैकड़ो किसानों का फार्मर पंजीकरण भी कराया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिनव यादव ने यह भी बताया कि शुक्रवार को पूरे प्रखंड में 401 फार्मर रजिस्ट्री एवं 500 से ऊपर ई केवाईसी हुई है।उन्होंने ने किसानों से अपील किया कि जो किसान अब तक पंजीकरण से वंचित है, वे आगामी कैंप में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें। या गांव के ष्टस्ष्ट सेंटर पर भी जाकर किसान फार्मर रजिस्ट्री एवं ई केवाईसी कुछ शुल्क देकर करा सकते हैं। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जाएगा। जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को समय पर सहायता मिल सकेगी। कैंप में किसानों की अच्छी खासी भीड़ तो देखी गई लेकिन अधिकांश किसानों की बाप,दादा या चाचा के नाम से जमावन्दी में नाम दर्ज है जिसके कारण से फार्मर रजिस्ट्री कराने से अधिकांश किसान वंचित रह गए। क्योंकि वैसे किसानों को फार्मर रजिस्ट्री किया जा रहा है जिनके नाम से स्वयं का जमीन हो या जमावन्दी में उनका नाम अंकित हो. कैम्प में अधिकांश किसान लोगों ने बढ़ चढ़कर केवाईसी करवाया। वहीं किसान पंकज कुमार,राजीव कुशवाहा, संजीत कुमार, यदुनंदन भगत, निरंजन सिंह, बलराम दास, पंकज यादव, मनोज सिंह सहित

दर्जनों किसान ने बताया कि सरकार पहले पूर्वजों के जो नाम से चली आ रही जमाबंदी है उसे वर्तमान उनके वंशजों के वंशावली के आधार पर शिविर लगाकर जमावन्दी में नाम दर्ज कराये जिससे किसान सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सके। पूरे प्रखंड क्षेत्र में 10त्न ही किसान है जिनका निजी नाम से जमाबंदी या उनकी अपनी भूमि है. अधिकांश किसानो के भूमि उनके पैतृक ही है. शिविर में उपस्थित रहे प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिनव यादव , कृषि सलाहकार पंकज कुमार, राजीवकुमार,राजकुमार ,पंचायत सचिव अमरेश कुमार, पीआर एस राजीव रंजन, शलेन्द्र कुमार, संतोष सिंह, मनीषकुमार,आवास सहायक शैलेश कुमार,अविनाश सिंह,अंचल कर्मी उपेंद्र कुमार, अभिषेक आनंद,चंद्रदीप कुमार,अजय राम, कुंदन कुमार,ललन यादव व सर्वे कर्मी सोनू कुमार,साजन कुमार,बंटी कुमार, पप्पू कुमार,देवराज,स्वच्छ्ता प्रवेक्षक पंकज कुमार, विकास मित्र ममता कुमारी,मौजूद रहे।

## बिजली चोरी के आरोप में 4 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार के निर्देश में विधुत विभाग के कर्मी कुमार तेजस्वी, राम बच्चन कुमार, टुना कुमार, ओमप्रकाश कुमार,सरोज कुमार व मानव बल द्वारा चोरी से बिजली जलाने के लेकर छापेमारी की गई। इस बात की जानकारी देते हुए कनीय विधुत अभियंता सूरज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि विभिन्न गांव में छापामारी के दौरान 4 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं जिसमें 1--गीता देवी पति अजय कुमार राम घर हरिजन टोला नया बाजार सबलपुर ने बकाया राशि ? 15698 /-रहने के कारण विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन इन्होंने क़ानून के उल्लंघन करते हुए बिना बकाया राशि जमा किए चोरी से विद्युत का उपयोग करते छापामारी के दौरान रंगे हाथों पकड़े गए. इससे विभाग को 10208 /-की क्षति हुई इनके ऊपर विभाग ने कुल 25906/-रुपया का भुगतान करने के लिए नामजद प्राथमिक की दर्ज की है.2--सबलपुर हरिजन टोला नया बाजार के राज नारायण राम पिता स्वर्गीय अशोक राम जो आवासीय परिसर में छापामारी के दौरान देखा गया कि मीटर के पहले तार से टैपिंग कर चोरी से विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए.इससे विभाग को 3082 /-की क्षति हुई है.इनके ऊपर प्राथमिक की दर्ज की गई । 3-- अनिल कुमार पिता स्वर्गीय मोहन राम घर सबलपुर हरिजन टोला नया बाजार के यहां बकाया राशि 30027 /-रुपया के रखने के कारण विभाग ने विद्युत विच्छेद कर दिया था. इन्होने बिना पैसा भुगतान किए हुए चोरी से विद्युत का उपयोग कर रहा था. जो छापामारी के दौरान रंगे हाथ पकड़े गए.जिससे विभाग को 5201 /-रुपया की क्षति हुई उनके ऊपर कुल ? 35228/ रुपए की वसूली करने के लिए प्राथमिक की दर्ज सोनपुर थाने में की गई है। 4-- सबलपुर हस्ती टोला की कामेश्वर राय पिता अनंत लाल राय के यहां ?16706/- बकाया राशि रहने के कारण विद्युत विच्छेद कर दी गई थी जहां यह चोरी से विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए जिससे विभाग को ? 10208/- रुपए की क्षति हुई इनके ऊपर कुल. ?26 914/- रुपए की क्षतिपूर्ति के लिए थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई।कुल 4 लोगो के खिलाफ प्राथमिकी भी सोनपुर थाना में दर्ज कराई गई। कनीय विद्युत अभियंता सुरज कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। सहायक विधुत अभियंता शम्भु कुमार ने लोगों से अपील की कि वे बिजली चोरी से बचें और समय पर बिजली बिल का भुगतान करें। इस छापेमारी से यह संदेश गया कि बिजली चोरी करने वालों पर प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा।

## गाड़ी के तेज हॉर्न बजाने व गोली फायरिंग करने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** गाड़ी के तेज हॉर्न बजाने व गोली फारिंग करने के आरोप में एक युवक को पहलेजा पुलिस ने सैदपुर नौडीहा से गिरफ्तार कर लिया है। उक्त बात के जनकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनुराधा कुमारी ने गुरुवार क़ो बतायी कि पहलेजा थानान्तर्गत सैदपुर नौडीहा में एक युवक जो बुधवार के शाम वाहन चलाते हुए आते जाते जोड़ जोड़ से बार- बार गाड़ी के हौर्ण बजाकर लोगो क़ो तंग कर रहा था जहाँ गाँव के अरुण कुमार द्वारा मना करने पर वाहन चालक से कहा सुनी हुई इसी दौरान उसने गोली फैयरिंग कर दिया. गांव के लोगों के सहयोग से उस युवक को पकड़ लिया और पहलेजा पुलिस की घटना की जानकारी दी. जनकारी मिलती है मौके पर पुलिस पहुंच गई और युवक को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार युवक के द्वारा जो गोली चलाया था पुलिस ने चार खोखा को बरामद किया है। अभियुक्त की पहचान नीतिश कुमार उर्फ भाला, पिता-सोहन राय, गांव सैदपुर नौडीहा, थाना-पहलेजा के निवासी है। इस मामले में तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है.गिरफ्तार आरोपी नितीश कुमार उर्फ भाला, पिता सोहन राय, निवासी सैदपुर नौडिह्य बताया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहलेजा थाना में पूर्व से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस ने विभागीय कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया.

## सारण के नए एसएसपी बने विनीत कुमार व डीडीसी बने लक्ष्मण तिवारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण जिले में 2021 बैच के आईएएस अधिकारी लक्ष्मण तिवारी को छपरा का नया उप विकास आयुक्त बनाया गया है। वर्तमान में वे बेतिया नगर निगम के नगर आयुक्त के पद पर तैनात थे। वर्तमान डीडीसी यतेन्द्र पाल के तबादले के बाद यह पद कुछ समय से रिक्त चल रहा था, जिसे अब भर दिया गया है। वर्तमान डीडीसी लक्ष्मण तिवारी जो इससे पूर्व छपरा सदर एसडीओ के रूप में छपरा में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

ये मूल रूप से सिवान जिले के रहने वाले है। उनका पारिवारिक पृष्ठभूमि भी प्रशासनिक सेवा से जुड़ी हुई है।

वही दूसरी ओर सारण जिले के पुलिस प्रशासन में बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ है। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. कुमार आशीष का तबादला कर दिया गया है। 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. कुमार आशीष को सहरसा कोशी क्षेत्र का पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नियुक्त किया गया है। वहीं, उनकी जगह 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी विनीत कुमार जो जहानाबाद के एसपी रहे हैं. इनका स्थानांतरण सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इस संबंध में गृह विभाग की ओर से शुक्रवार क़ो अधिसूचना जारी कर दी है।

## बेंगलुरु में गैस रिसाव से हादसा, मांझी के गुर्दाहाँ खुर्द गांव के पांच युवक झुलसे, दो की हालत गंभीर

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के गुर्दाहाँ खुर्द गांव के पांच युवक बेंगलुरु में हुए एक दर्दनाक हादसे में बुरी तरह झुलस गए। पांचों घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है, जिनमें दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल उतपन्न हो गया है। घायलों में गुर्दाहाँ खुर्द गांव निवासी भरदुल खान का पुत्र बिट्टू खान,खलील मियां का पुत्र अरबाज आलम, कन्हैया चौधरी का पुत्र अन्नू कुमार,महेश चौधरी का पुत्र रोहित कुमार तथा गुलाम हुसैन का पुत्र मुजफ्फर आलम शामिल है। घायल सभी युवकों की उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच की बताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार सभी युवक बेंगलुरु में प्राइवेट कम्पनी में मजदूरी करते थे और एक ही कमरे में रह रहे थे। गुरुवार की रात खाना खाने के बाद सभी सो गए। शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे चाय बनाने के लिए जैसे ही उनलोगों ने माचिस जलाई कमरे में आग लग गई। बताया जा रहा है कि रात को गैस लीक होकर पूरे कमरे में फैल गया था जिससे यह हादसा हुआ। आसपास के लोगों ने सभी को निकालकर अस्पताल में एडमिट करा दिया है। इधर गांव में सूचना मिलने के बाद परिजन बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए हैं।

## किसान अब फार्मर रजिस्ट्री व ई केवाईसी कॉमन सर्विस सेंटर पर भी बना सकेंगे

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** फार्मर आईडी अब गांव के कॉमन सर्विस सेंटर यानी सीएससी सेंटर पर भी बनेगा। उक्त बात की जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिनव यादव ने शुक्रवार को पंचायत में लगाई गई फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि किसानों को फार्मर आईडी के लिए कही जाने की जरूरत नही होगी। मामूली खर्च पर किसान अपने गाँव मे ही कॉमन सर्विस सेंटर यानी सीएससी सेंटर पर पहुंच कर

किसान आईडी बनवा सकेंगे। फार्मर रजिस्ट्री आई.डी.बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज जरूरी है जिसमे भूमि से सम्बन्धित दस्तावेज (स्वयं के नाम का जमाबंदी संबंधित दस्तावेज) एवं ऑनलाइन लगन रसीद,आधार कार्ड,मोवाइल नम्बर होना अनिवार्य है। फार्मर आईडी बनाने के लिए किसानो को अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाना होगा। किसान अपने नाम से जमीन के रसीद, आधार कार्ड और मोबाइल लेकर सेंटर पर जायेंगे। जहाँ वीएलई ओटीपी और बायोमेट्रिक के माध्यम से किसान का फार्मर रजिस्ट्रेशन करेंगे। इसके लिए किसान को 15 रुपये की मामूली शुल्क देना होगा।

उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध मे कृषि विभाग बिहार सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सरकार किसानो को डिजिटल पहचान दिलाने के लिए फार्मर आईडी बनवा रही है। ताकि असली किसानो की पहचान कर कृषि योजनाओ का लाभ दिलाया जा सके। फार्मर आईडी किसानों की डिजिटल पहचान है, जिसके जरिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समेत कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ दिया जा सके। फार्मर आईडी डिजिटल किसान पहचान पत्र है, जिसमें किसान की व्यक्तिगत जानकारी, भूमि विवरण और कृषि से जुड़ा डाटा दर्ज रहता है।फार्मर आईडी के जरिए किसानों की पहचान प्रमाणित होगी और फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगेगी। किसान अगर फार्मर आईडी बनवाया है या नहीं तो उसे ऑनलाइन भी चेक कर सकते हैं। इसके लिए आपको Bihar Agristack की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। यहां अपना आधार नंबर या रजिस्ट्रेशन नंबर डालकर

अपनी जानकारी को चेक कर सकते हैं। किसी तरह की समस्याएं अगर किसानों को होगी तो वह कृषि सलाहकार, कृषि समन्वय, कृषि विभाग के कार्यालय में आकर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

## मकर संक्रांति के पूर्व तिलकुट बनाने व बिक्री हुआ शुरू

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** तिलकुट एक पारंपरिक भारतीय मिठाई है जो मकर संक्रांति के अवसर पर विशेष रूप से बनाई जाती है। इस बार 14 व 15 जनवरी क़ो मनायीं जायेगी। तिथि व नक्षत्र क़ो मानने वाले 15 जनवरी क़ो मकर संक्रांति मनागे जो लोगो पुरानी परम्परा क़ो मान रहे है वे लोगो 14 जनवरी क़ो मनाएंगे। एक दो दिवसीय पर्व होने के कारण मार्केट में तिलकुट की मांग बढ़ जाती है.ऐसे में कारीगर मकर संक्रांति के पूर्व ही सभी प्रकार के तिलकुट का निर्माण करना शुरू कर देते है जिससे स-समय से तिलकुट लोगों को उपलब्ध हो सके। तिलकुट बनाने वाले कारीगरो ने बताया कि तिलकुट कई प्रकार के बनाये जाते है। कारीगरो ने बताया कि-

**सादा तिलकुट :** यह तिल और गुड़ या चीनी से बनाया जाता है।

**चीनी तिलकुट :** इसमें तिल और चीनी का उपयोग होता है।

**गुड़ तिलकुट :** इसमें तिल और गुड़ का उपयोग होता है, जो इसे एक अलग स्वाद देता है।

**खोवा तिलकुट :** इसमें खोवा (मावा) का उपयोग होता है, जो इसे और भी स्वादिष्ट बनाता है।

**तिल सोन केक :** यह एक विशेष प्रकार का तिलकुट है जो केक के आकार में होता है। तिलकुट में तिल और गुड़ या चीनी, बैदाम, काजू होते हैं, जो ऊर्जा का अच्छा स्रोत होते हैं। इतना ही नहीं स्वास्थ्यवर्धकः तिल में कई पोषक तत्व होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। गुड़ और तिल का मिश्रण पाचन में मदद करता है।

मकर संक्रांति के मौसम में तिलकुट खाने से शरीर को गर्मी मिलती है और मौसमी बदलाव के प्रभाव से बचाव होता है। तिलकुट एक पारंपरिक और स्वादिष्ट मिठाई है जो लोगों को एक साथ लाने में मदद करती है। बतादे कि मकर संक्रांति से पहले सोनपुर के बाजारों में तिलकुट बनाने वाले स्थलों से खुशबू फैल रही है। तिलकुट की कीमतें पिछले साल जैसी ही हैं, जिसमें सादा तिलकुट 260-340 रुपये प्रति किलो, चीनी तिलकुट 280-320 रुपये प्रति किलो और गुड़ तिलकुट 300-340 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। इसके अलावा, खोवा तिलकुट 400-500 रुपये प्रति किलो और तिल सोन केक 600 रुपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध है।

तिलकुट की मांग बढ़ने के साथ ही बाजार में इसकी खुशबू भी फैल गई है। लोग अपने घरों और रिश्तेदारों के लिए तिलकुट खरीदने लगे हैं। तिलकुट बनाने वाले कारीगर दिन-रात काम में जुटे हुए हैं ताकि मांग को पूरा किया जा सके।

## बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राम सुंदर दास की मनायीं गयी 105वीं जयंती

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण जिले के सोनपुर प्रखंड के खरिका गाँव निवासी महान स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी आंदोलन के प्रणेता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री राम सुंदर दास जी की जन्म 9 जनवरी 1921 ई में हुआ था। इन्होने ने 21 अप्रैल 1979 को बिहार के 15वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। शुक्रवार क़ो




105 वीं जयंती के मौके पर रामसुंदर दास महिला महाविद्यालय सोनपुर, जन्मभूमि खरिका गाँव स्थित रामसुंदर दास उच्च विद्यालय प्रांगण में उनके प्रतिमा पर लोगो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जबकि उनके पुत्र भाश्र प्रश से अधिकारी मृत्युंजय कुमार ने पटना के रामसुंदर दास पार्क में राजनीतिक दलों के साथ स्वर्गीय दास के जयंती के अवसर पर उपस्थित लोगो ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को बखान करते हुए कहा कि स्व रामसुंदर दास भारतीय राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व थे। राम सुन्दर दास जी का जन्म सोनपुर की पावन धरती पर हुआ था। वो यहां से विधायक, हाजीपुर से दो बार सांसद चुने गए, और 21 अप्रैल 1979 को बिहार के मुख्यमंत्री बने। उनकी सादगी, विनम्रता और जमीनी हकीकत से जुड़ाव आज भी लोगों के जेहन में ताजा है। उन्होंने अपने जीवन को जनता की सेवा और समाज सुधार के लिए समर्पित किया। वे विशेष रूप से निम्नलिखित कारणों से याद किए जाते हैं।रामसुंदर दास ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए कई योजनाएँ लागू की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए पहल की। गरीबों को शिक्षा प्रदान के करने के लिए मध्य विद्यालय से लेकर उच्च विद्यालय तक के स्कूल खोलें. वे सामाजिक सेवा में वे गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध थे।समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए उन्होंने कई कार्यक्रमों का समर्थन किया। जयंती मनाने का उद्देश्य केवल उनके व्यक्तित्व को याद करना नहीं था, बल्कि उनके संदेश और आदर्शों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुँचाना भी है।




## सीएचसी मशरक में गर्भवती महिलाओं की जांच को शिविर आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** सीएचसी मशरक में गर्भवती महिलाओं की जांच को प्रधानमंत्री मातृत्व शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों की गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया।प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप और चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक महीने में 9 ,15 और 21 तारीख को गर्भवतियों की जांच को कैम्प आयोजित किया जाता है जिसमें जोखिम वाली गर्भवती महिलाओ की पहचान कर इलाज किया जाता है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कविता सिंह ने बताया कि सुरक्षित प्रसव कराने को लेकर गर्भवतियों का इलाज किया जाता है। अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवतियों को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। मौके पर सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की जांच-पड़ताल कर आवश्यक दवाएं और उचित परामर्श दिया गया।

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई, 6 घंटे में दुष्कर्म कांड के 2 आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर(सारण)।** बनियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेदौली में घटित दुष्कर्म की गंभीर घटना में बनियापुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज होने के मात्र 6 घंटे के भीतर दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 जनवरी 2026 को एक युवती के साथ उसके चाची के सहयोग से दो युवकों द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस संबंध में पीड़िता के फर्दबयान के आधार पर बनियापुर थाना कांड संख्या-24/26, दिनांक-08.01.26 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित छापेमारी करते हुए दुष्कर्म की साजिश में शामिल महिला चाची सहित दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कृष्ण कुमार, पिता-महादेव राय, साकिन-चतुर्भुज छपरा, थाना-बनियापुर, जिला-सारण। रोशन कुमार, पिता-शंकर राय, साकिन-चतुर्भुज छपरा, थाना-बनियापुर, जिला-सारण तथा एक महिला अभियुक्त (पीड़िता की चाची) शामिल है। तीनों अभियुक्तों को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस टीम में बनियापुर थानाध्यक्ष सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर शून्य सहनशीलता की नीति के तहत त्वरित एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## जनसुराज कापीर्यालय छपरा से घर लौटते समय युवक लापता, जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमुना मुसहरी गांव निवासी चंद्रशेखर सिंह ने अपने पुत्र के लापता होने को लेकर मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है.आवेदन के अनुसार उनका 22 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार छपरा स्थित जनसुराज कार्यालय में रहकर कार्य करता था.परिजनों ने बताया कि तीन दिसंबर को आयुष कुमार से बातचीत हुई थी, जिसमें उसने घर लौटने की बात कही थी. लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा. इसके बाद जब परिजनों ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल फोन बंद मिला. परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की,लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है.घटना के बाद से परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल है.मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है और युवक की तलाश की जा रही है.पुलिस का कहना है कि सभी संभावित बिंदुओं पर जांच की जा रही है.

## भैंस को चुरा कर भाग रहे पिकअप को रात्रि गश्ती पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में सड़क किनारे दालान में बंधी दो भैंस को चुरा कर भाग रहे पिकअप को मांझी थाना पुलिस की गश्ती टीम ने ताजपुर के समीप खदेड़कर पकड़ लिया हालांकि भैंस चोर अंधेरे का लाभ उठाकर पिकअप छोड़ कर फरार हो गए। सूचना पाकर भैंस मालिक मुन्ना यादव मांझी थाना पर पहुंचे तथा पिकअप मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया।

## फार्मर रजिस्ट्रेशन व ई केवाईसी के लेकर पंचायत में लगी कैम्प

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** गड़खा प्रखण्ड के श्रीपाल बसंत पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री एवं ई केवाईसी को लेकर देवी स्थान के समीप कैंप लगाया गया जिसमे कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मियों ने संयुक्त रूप से किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, ई केवाईसी कराने क़ो लेकर जनकारी दी तथा इसके लाभ एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी तथा मौके पर ही कई किसानों का पंजीकरण भी कराया। उक्त बात की जानकारी देते हुए राजस्व कर्मचारी मिथिलेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि सरकार के द्वारा किसान सम्मान निधि का रजिस्ट्रेशन का केवाईसी का सत्यापन एवं किसान फार्मर का रजिस्ट्रेशन का कैम्प लगाया गया। साथ ही अन्य पंचायत में भी शिविर लगाई जाएगी जिसमे अब तक करीब 180 फार्मर रजिस्ट्रेशन कराया गया जबकि 580 किसानों को ई केवाईसी की गई है।शुक्रवार को सुबह से ही शर्वर डाऊन होने के कारण दर्जनों किसानों का फार्मर रजिस्ट्री व ई केवाईसी नहीं हो सका।काफी देर तक इंतजार करने के बाद अपने-अपने घर को लौट गए।शिविर में श्रीपाल बसंत पंचायत के किसान सलाहकार दीनबंधु सिंह उपस्थित थे।शिविर में किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को स - समय पर सहायता मिल सकेगी। कैंप में किसानों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई और लोगों ने बढ़-चढ़कर पंजीकरण कराया। इस अवसर पर राजस्व कर्मचारी मिथिलेश कुमार किसान सलाहकार दीनबंधु सिंह आदि उपस्थित थे।

## उत्तराखंड के मंत्री रेखा आर्य के इस्तीफा के लिए इसुआपुर में सीपीआई (एम) का प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** उत्तरा खण्ड के मंत्री रेखा आर्य के पति द्वारा बिहार के बेटियों के खिलाफ गलत बयान बाजी को लेकर सीपीएम के राज कमेटी के सदस्या गीता सागर राम के द्वारा इसुआपुर बाजार पर जुलूस निकाला गया तथा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया. इस बीच समर्थकों ने भाजपा विरोधी नारे लगाए तथा रेखा आर्य के इस्तीफे की मांग की. साथही गिरधारी लाल साहू के गिरफ्तारी की भी मांग की गई. मौके पर गीता सागर राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मंत्री के पति द्वारा जो निंदनीय भाषा का प्रयोग बिहार के बेटियों के लिए किया गया है यह बर्दाश्त के काबिल नहीं है. उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं के वोट के बल पर नीतीश कुमार जीतकर 10वीं बार मुख्यमंत्री की शपथ लिए हैं उनके मुंह से महिला अपमान के विरोध एक शब्द भी नहीं निकला है. साथ ही नरेंद्र मोदी जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं वे भी चुप्पी साधे हुए हैं .जुलूस में आए खेतिहर मजदूर यूनियन के राज कमेटी के सदस्य गंगा सागर राम ने कहा कि अगर गिरधारी लाल की गिरफ्तारी नहीं होती है और रेखा आर्य इस्तीफा नहीं देती है तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा.जुलूस में मिंटू राम, विकास राम, जितेंद्र शाह, परशुराम महतो, कविता देवी, मंजू देवी ,मालती देवी, ममता देवी ,भोला राय, नागेश्वर राय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

# 2014 के बाद भारतीय पत्रकारिता का रूपांतरण : राजनीतिक अर्थशास्त्र, बाज़ारवाद और लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व



नीरज कुमार।

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** लोकतांत्रिक समाज में पत्रकारिता को चौथे स्तंभ के रूप में देखा जाता है, जिसकी भूमिका केवल सूचना संप्रेषण तक सीमित नहीं होती, बल्कि सत्ता की निगरानी, जनमत का निर्माण और सार्वजनिक विमर्श को सुदृढ़ करना भी होती है। जर्गन हाबर्मास के अनुसार, मीडिया लोकतांत्रिक Public Sphere का केंद्रीय आधार है।किन्तु 2014 के बाद भारतीय पत्रकारिता में जो परिवर्तन दृष्टिगत होते हैं, वे इस सार्वजनिक क्षेत्र के क्षरण की ओर संकेत करते हैं। यह परिवर्तन राजनीतिक सत्ता, बाज़ार शक्तियों और मीडिया के कॉरपोरेट चरित्र के अंतर्संबंधों से उत्पन्न हुआ प्रतीत होता है। नोम चॉम्स्की और एडवर्ड हरमन (Herman & Chomsky, 1988) अपने Propaganda Model में तर्क देते हैं कि मीडिया संस्थान पूंजी, विज्ञापन और सत्ता संरचनाओं से प्रभावित होकर कार्य करते हैं। 2014 के बाद भारतीय मीडिया में यह मॉडल अधिक स्पष्ट रूप में उभरता है।

टीआरपी आधारित प्रतिस्पर्धा ने समाचार को वस्तु (Commodity) में परिवर्तित कर दिया है। गंभीर सामाजिक-आर्थिक प्रश्नों के स्थान पर उत्तेजक बहसें, भावनात्मक राष्ट्रवाद और ध्रुवीकरण को प्राथमिकता दी जाने लगी। रॉबर्ट मैकचेस्नी (McChesney, 2004) इसे मीडिया का बाज़ारी अधिग्रहण (Market Capture of Media) कहते हैं, जिसमें लाभ जनहित पर हावी हो जाता है। भारतीय मीडिया की बढ़ती निर्भरता विशेष रूप से सरकारी विज्ञापनों पर, संपादकीय स्वतंत्रता के लिए चुनौती बनकर उभरी है। पी. साईनाथ (Sainath, 2013) पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि जब मीडिया का वित्तीय अस्तित्व सत्ता पर निर्भर हो जाता है, तब उसकी आलोचनात्मक क्षमता कमजोर पड़ जाती है। 2014 के बाद यह प्रवृत्ति और गहरी हुई, जहाँ सत्ता से प्रश्न पूछने के बजाय कई मीडिया संस्थान उसके नैरेटिव को पुनरुत्पादित करते दिखाई देते हैं। यह स्थिति ÷वॉचडॉग÷ पत्रकारिता से ÷प्रचारक÷ पत्रकारिता की ओर संक्रमण को दर्शाती है। इस दौर में टेलीविजन पत्रकारिता में एंकर-केन्द्रित पत्रकारिता का उभार हुआ। एंकर स्वयं समाचार का विषय बन गए। हाबर्मास के अनुसार, लोकतांत्रिक विमर्श की शर्त तर्कसंगत संवाद है, न कि शोर या दमन (Habermas, 1989)। परंतु भारतीय मीडिया बहसें प्रायः आरोप-प्रत्यारोप, राष्ट्रवाद बनाम देशद्रोह जैसे द्वंद्वों में सिमट गईं। इससे न केवल वैचारिक विविधता घटी, बल्कि असहमति को भी अवैध ठहराया जाने लगा। डेविड हार्वे (Harvey, 2005) नवउदारवादी व्यवस्था में श्रम के असमान मूल्यांकन की बात करते हैं। यही प्रवृत्ति 2014 के बाद मीडिया संस्थानों में भी स्पष्ट दिखाई देती है। कुछ चुनिंदा एंकरों को अत्यधिक वेतन और संसाधन उपलब्ध हैं, जबकि फील्ड रिपोर्टर, स्ट्रिंगर और कैमरापर्सन अल्प वेतन, अस्थायी अनुबंध और सामाजिक सुरक्षा के अभाव में कार्यरत हैं। यह असमानता पत्रकारिता को एक सामूहिक लोकतांत्रिक पेशे के बजाय कॉरपोरेट पदानुक्रम में बदल देती है। अमर्त्य सेन (Sen, 2005) के अनुसार, लोकतंत्र केवल चुनाव की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सार्वजनिक बहस और असहमति की संस्कृति है। मीडिया में आलोचनात्मक स्वर का संकुचन लोकतंत्र की आत्मा को कमजोर करता है। 2014 के बाद भारतीय मीडिया में आलोचना को राष्ट्रविरोधी या नकारात्मक कहकर खारिज करने की प्रवृत्ति बढ़ी है, जिससे वैकल्पिक दृष्टिकोण मुख्यधारा से बाहर धकेले गए। इस अध्ययन से स्पष्ट होता है कि 2014 के बाद भारतीय पत्रकारिता में आया परिवर्तन केवल संपादकीय पसंद का परिणाम नहीं, बल्कि राजनीतिक सत्ता, बाज़ारवाद और मीडिया स्वामित्व की संरचनात्मक जटिलताओं का प्रतिफल है। यदि पत्रकारिता को लोकतंत्र का प्रभावी स्तंभ बने रहना है, तो उसे विज्ञापन-निर्भरता, एंकर-केन्द्रित शोर और वैचारिक संकुचन से बाहर निकलकर पुनः जनहित, तर्क और बहुलता के मूल्यों की ओर लौटना होगा।

## स्वतंत्रा सेनानी तपशी सिंह की 140वीं जयंती पर लोगों ने की श्रद्धा सुमन अर्पित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** स्वतंत्रा सेनानी तपशी सिंह की 140वीं जयंती पर शुक्रवार को तपशी सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरान्द के प्रांगन मे स्थित तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विद्यालय के शिक्षक तथा ग्रामीणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और हर कोई उनके त्याग तथा स्वतंत्रता आंदोलन को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी।विद्यालय के प्राचार्य माधवेंद्र कुमार जितेंद्र जायसवाल ने कहा कि श्री सिंह स्वतंत्रता आंदोलन मे ब्रिटिश शासकों की रातों की नींद उड़ा दी थी, अपने साहस और देशभक्ति से भारत की आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे वक्ताओं मे राशेश्वर सिंह, हरेश्वर सिंह, ललीतेश्वर सिंह, चंदन सिंह मोहन पासवान, रजनीश कुमार सिंह, शिवम सिंह, रंजन कुमार सिंह, चुमन सिंह, प्रिंस,गणेश कुमार, सुदर्शन प्रसाद यादव, श्यामनारायण प्रसाद, पूणम,वन्दना, सहित कई अन्य उपस्थित रहे।




## राम-जानकी शिव मंदिर से मूर्ति चोरी कांड को लेकर ग्रामीणों ने शुरू की अनिश्चितकालीन धरना

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर के सटे राम जानकी शिव मंदिर में मूर्ति चोरी कांड के लिए ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह 10 बजें से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की शुरुआत की। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह, राकेश महंत, राजेश सिंह, रोहित सिंह, बिट्टू सिंह, राजकुमार सिंह समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद रहें। मौके पर अमित कुमार सिंह ने बताया कि 5 जनवरी को मशरक थाना परिसर से सटे राम जानकी शिव मंदिर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देकर अष्टधातु की भगवान राम, मां जानकी और लक्ष्मण की मूर्ति चोरी कर ली गई। पुलिस प्रशासन इस दिशा में विफल साबित हो रही है।



उन्होंने कहा कि जब तक मूर्ति बरामद नहीं होंगी तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब थाना के पास की मंदिर सुरक्षित नहीं है तों इस इलाके की सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा। मौके पर धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम स्थल पर पुलिस प्रशासन मौजूद हैं। मौके पर पहुंचे डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाया बुझाया और जल्द ही घटना की उद्भेदन करने का आश्वासन दिया।



# छपरा में यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

## नियम तोड़ने वाले को जुर्माना के बदले गुलाब का फूल दिया गया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिला मुख्यालय छपरा में शुक्रवार की शाम यातायात व्यवस्था को लेकर एक बिल्कुल अलग और सकारात्मक नज़ारा देखने को मिला। आमतौर पर नियम तोड़ने पर चालान और जुर्माने की कार्रवाई करने वाला परिवहन विभाग इस बार जागरूकता के नए अंदाज़ में सड़क पर उतरा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों को सजा देने के बजाय परिवहन विभाग के कर्मियों ने उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

यह विशेष पहल जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में छपरा थाना चौक के पास चलाए गए रोको-टोको अभियान के तहत की गई। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले, एक बाइक पर क्षमता से




अधिक सवारी करने वाले, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने वाले तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों को रोका गया। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि उनसे कोई जुर्माना नहीं लिया गया, बल्कि उन्हें गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों के पालन की अपील की गई। परिवहन विभाग की पूरी टीम ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान लोगों में डर पैदा करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें समझाने और सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान जिले भर में अलग-अलग प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कभी नुक्कड़ नाटक, कभी पंपलेट वितरण तो कभी इस तरह के अभिनव अभियानों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज गुलाब का फूल देकर नियम तोड़ने वालों को केवल चेतावनी और समझाइश दी गई है, लेकिन आने वाले दिनों में नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। इसलिए सभी वाहन चालकों से अपील है कि वे स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट सहित सभी यातायात नियमों का पालन करें।

इस अनोखी पहल की आम लोगों ने भी सराहना की और कई लोगों ने कहा कि इस तरह का व्यवहार लोगों को नियमों के प्रति अधिक जिम्मेदार बनाता है। छपरा की सड़कों पर गुलाब के साथ दी गई यह सीख निश्चित रूप से सड़क सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हो रही है।वही इस आयोजन में मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी लतिरफुर रहमान, सहायक परिवहन पदाधिकारी सुलेमान आलम,मोटर यान निरीक्षक संजय कुमार अश्क,कृष्णा कुमार,राकेश कुमार सहित दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## इसुआपुर में प्रसव पूर्व सैकड़ो गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सैकड़ो प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जांच कराने आई महिलाओं मे सुमन कुमारी, रेखा देवी, ममता कुमारी, कुमारी समीता,पूनम कुमारी के साथ सैकड़ो महिलाओं की जांच शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, एचआईवी तथा गर्भस्थ बच्चे का एफ एच आर की जांच की गई। वही आवश्यकतानुसार आयरन, कैल्शियम तथा विटामिन्स की दवा के साथ उचित सलाह दी गई। जांच टीम का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुलिका कुमारी ने के किया.

## सीवान ~ जनता दरबार में एसएसपी ने की 30 मामलों की सुनवाई

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी द्वारा समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने आए लोगों की फरियादें सुनीं। इस दौरान मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए कुल 30 फरियादियों की फरियाद सुनी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक क्रियार्थ हेतु संबंधित थाना अध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## सीवान – ट्रेन से शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** आरपीएफ ने ट्रेन से शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि आठ जनवरी को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशानुसार आरपीएफ ट्रेन एस्कार्ट कंपनी गोरखपुर पूर्व द्वारा जीरादेई-सिवान के मध्य गाड़ी संख्या 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस के कोच एस वन में अपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान दो शराब तस्करों को अपने शरीर में छिपाकर ले जाते हुए 70 बोतल देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। शराब की कीमत तीन हजार आठ सौ पचास रुपया है। जिसे अग्रिम कार्रवाई हेतु उत्पाद विभाग सदर को सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जुड़कन वार्ड नंबर तीन निवासी गौतम कुमार साह व कुशीनगर जिला के तरया सुजान थाना क्षेत्र के अहिरौली दान नोनिआ पट्टी निवासी बबलू कुमार है।

## सीवान :डायल 112 वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**परवेज अख्तर/सीवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रौजा मोड़ के समीप तीन जनवरी को डायल 112 वाहन की टक्कर दो युवक घायल हो गए थे। इसमें एक युवक की गुरुवार की देर रात पटना के आईजीआईएमएस में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान दारौंदा थाना क्षेत्र के उस्ती गांव निवासी विशाल महतो के रूप में हुई है। स्वजनों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दुर्घटना की जानकारी उन्हें ग्रामीणों से मिली थी, लेकिन पुलिस ने उनसे संपर्क नहीं किया और न ही मामले में कोई रुचि दिखाई। बताया कि दुर्घटना के बाद डायल 112 का चालक वाहन लेकर घटनास्थल से फरार हो गया। स्वनजों ने बताया कि दोनों युवक जीरादेई थाना क्षेत्र के जामापुर गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। रौजा मोड़ के पास तेज रफ्तार डायल 112 की गाड़ी ने बिना हार्न दिए बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी।

## पुलिसकर्मियों के लिए फिटनेस जरूरी

**सिवान।** पुलिस केंद्र स्थित प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों के मेस, बैरक व अन्य आवासीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण शुक्रवार को पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने किया। सिपाहियों के रहने, खाने तथा दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी सुविधाओं की वस्तुस्थिति का आकलन किया गया तथा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसएसपी ने सिपाहियों के लिए बनाए जा रहे भोजन को भी बारीकी से देखा। बताया कि पुलिस केंद्र में मेस का निरीक्षण किया गया एवं प्रशिक्षु सिपाही के समस्याओं से अवगत होकर समस्याओं के निदान हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने जवानों को बताया कि परेड सिपाहियों की शारीरिक व मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है।

## गणेश दत्त दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के गुणवत्ता प्रकोष्ठ में बाहरी विशेषज्ञ पुन: नियुक्त

**सिवान।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के निर्देशानुसार दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज और अस्पताल में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ में कार्यरत है। इसमें एक बार पुनः शिक्षाविद् गणेश दत्त पाठक को प्राचार्य प्रोफेसर सुधांशु शेखर त्रिपाठी द्वारा बतौर बाहरी विशेषज्ञ शामिल किया गया है। इस बाबत पत्र प्राचार्य गुरुवार को पाठक को प्रदान किया गया। इस अवसर पर दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज और अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार सह पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर प्रजापति त्रिपाठी, प्रोफेसर आरआर शर्मा और प्रोफेसर अंकेश मिश्रा भी उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रोफेसर सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने बताया कि दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में कार्यरत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का मुख्य दायित्व होता है कि वह संस्थान की गुणवत्ता को बनाए रखने और उसे सुधारने के लिए काम करे। मालूम हो कि सिवान के शिक्षा जगत में गणेश दत्त पाठक को उनके सकारात्मक प्रयासों के कारण विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त होती रही है।

## बड़कागांव उच्च विद्यालय में रोटरी क्लब 'संकल्प' का पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**सिवान।** पचरुखी प्रखड के बड़कागांव स्थित उच्च विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को रोटरी क्लब आफ सिवान की इकाई रोटरी 'संकल्प' के तत्वावधान में पौधारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाना एवं हरित भविष्य की दिशा में सकारात्मक पहल करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़हरिया विधायक इंद्रदेव पटेल ने पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर रोटरी 'संकल्प' के चार्टर्ड प्रेसिडेंट डा. संजय सिंह ने हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं संस्था के सचिव अमरेंद्र सिंह ने जल, जीवन और हरियाली के आपसी संबंधों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पूर्व सचिव राजीव रंजन, डा. अजीत सिंह, डा. राकेश कुमार सिंह, भारत भूषण पांडेय, अतुल श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा सभी ने उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

## एटीएम कार्ड बदलकर 40 हजार रुपया निकासी करने की प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के विलासपुर निवासी रोजीद आलम ने थाने में गुरुवार को थाना में आवेदन देकर एटीएम कार्ड बदलकर 40 हजार रुपया निकासी करने का प्राथमिकी कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि 28 दिसंबर को रविवार को भगवानपुर पुरानी बाजार स्थित स्टेट बैंक के एटीएम से पैसा निकालने के लिए गया था। इसी क्रम में अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम कार्ड को बदल लिया तथा इसके बाद उसने 40 हजार रुपया निकाल लिया है। राशि निकासी का मोबाइल पर सूचना मिलने के बाद धोखाधड़ी होने की जानकारी हुई। एफआइआर कर मामले की जांच में जुट गई है।

## सीवान- आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां घंटों विलंब से पहुंची जंक्शन

**परवेज अख्तर/सीवान** ठंड की वजह से ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो गई है। इस कारण ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनों की देरी से चलने के कारण यात्रा शुरू करने और समाप्त करने वाले यात्रियों को जंक्शन पर ठंड में घंटों ठिठुरना पड़ रहा है। आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां घंटों विलंब से जंक्शन पहुंची। शुक्रवार को वैशाली सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनें दो से दस घंटे लेट चलीं। वहीं जंक्शन होकर गुजरने वाली करीब पांच ट्रेनें निरस्त रही। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल 19 घंटे 37 मिनट, 15566 वैशाली एक्सप्रेस चार घंटे 57 मिनट,13019 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे 59 मिनट, 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस एक घंटे 48 मिनट, 19616 कवि गुरु एक्सप्रेस तीन घंटे दस मिनट, 15033 पाटलिपुत्र - लखनऊ जं. एक्सप्रेस एक घंटे, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल एक घंटे 47 मिनट, 13020 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे, 14674 शहीद एक्सप्रेस एक घंटे 30 मिनट, 15909 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटे 57 मिनट, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल एक घंटे 55 मिनट, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल आठ घंटे 30 मिनट, 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस दो घंटे 50 मिनट, 12566 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस तीन घंटे दस मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची।

## माघ मेला विशेष गाड़ियों को किया गया निरस्त

**सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों का हवाला देकर माघ मेला के अवसर पर चलने वाली निम्नलिखित मेला विशेष गाड़ियों को निम्न तिथियों में निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि निरस्तीकरण में बढ़नी से 19, 20, 21, 24, 25, 26 जनवरी तथा 02, 03, 16 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 05107 बढ़नी-प्रयागराज रामबाग मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। वहीं प्रयागराज रामबाग से 20, 21, 22, 25, 26, 27 जनवरी तथा 03, 04, 17 एवं 18 फरवरी को चलने वाली 05108 प्रयागराज रामबाग-बढ़नी मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। जबकि झूसी से 09, 10, 11, 12, 13, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29, 30 जनवरी तथा 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11, 12, 13, 14 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 05101 झूसी-गाजीपुर सिटी-छपरा-थावे-सिवान-भटनी-मऊ-वाराणसी सिटी-झूसी रिंग रेल मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। छपरा से 13, 15, 16, 18, 19, 23, 24, 25, 26 जनवरी तथा 01, 02, 15 एवं 16 फरवरी को चलने वाली 05113 छपरा-प्रयागराज रामबाग मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। प्रयागराज रामबाग से 13, 15, 16, 18, 19, 23, 24, 25, 26 जनवरी तथा 01, 02, 15 एवं 16 फरवरी को चलने वाली 05114 प्रयागराज रामबाग-छपरा मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। छपरा से 13, 15, 16, 18, 19, 21, 23, 30 जनवरी तथा 01, 13 एवं 15 फरवरी को चलने वाली 05005 छपरा-झूसी मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। झूसी से 14, 16, 17, 19, 20, 22, 24, 31 जनवरी तथा 02, 14 एवं 16 फरवरी को चलने वाली 05006 झूसी-छपरा मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

## लावारिस हालत में शराब बरामद

**सिवान।** आरपीएफ ने ट्रेन से लावारिस हालत में शराब को बरामद किया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि आठ जनवरी को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट टास्क टीम द्वारा गाड़ी संख्या- 15652 लोहित एक्सप्रेस के जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर आगमन पर आपराधिक गतिविधि निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान कोच एस वन के गेट के समीप शौचालय के बगल में लावारिस हालत में रखे पांच थैला में से 240 बोतल विदेसी शराब बरामद की गई। इसकी कीमत 69 हजार 120 रुपया है। जिसे जीआरपी के सुपुर्द किया गया।

## एक माह में ही बेसअसर होने लगा अतिक्रमण हटाओ अभियान, जाम से नहीं मिल रही निजात

- **विभाग के पास ना तो अतिक्रमण से मुक्ति का कोई प्लान ना ही चलाए गए अभियान का फालोअप**
- **न वेंडिंग जोन, न पार्किंग की व्यवस्था, इस कारण शहर की सड़कों पर दिख रहा प्रतिदिन जाम का नजारा**

**परवेज अख्तर/सीवान।** पिछले वर्ष दिसंबर में जिले में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान एक माह बाद ही बेअसर हो गया है। सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया लेकिन जिला प्रशासन और नगर परिषद द्वारा ना ही पार्किंग की व्यवस्था की गई और ना ही फुटपाथी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन बनाकर उन्हें कोई स्थान दिया गया। इस कारण फिर से ठेला, खोमचा वाले उक्त स्थल पर स्थापित होने लगे हैं। हालांकि इससे नगर परिषद को नुकसान की जगह फायदा ही हुआ है। नगर परिषद के कर्मी हाथों में एक जुर्माना संबंधित रसीद लेकर इन दुकानदारों के पास पहुंच कर इन पर मनमाना जुर्माना कर रहे हैं। इसको लेकर कई बार स्थिति अनियंत्रित भी होती है। दूसरी ओर इसकी निगरानी नहीं होने से सड़क पर फुटपाथी फल और सब्जी दुकानों का कब्जा होने लगा है। वहीं विभिन्न सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों के बाहर सड़क अवैध पार्किंग स्थल बन चुका है। इसके बाद बाकी रही-सही कसर आटो और ई-रिक्शा घंटों सड़क पर वाहन लगाकर पूरी कर दे रहे हैं। स्थिति यह है कि जेपी चौक, बबुनिया मोड़, तेलहट्टा बाजार, थाना रोड़ सहित कई मुख्य चौराहों पर घंटों आटो और ई-रिक्शा चालक वाहन लगाकर सवारी का इंतजार करते हैं जो अधिकांश समय जाम का कारण बन रहा है। सबसे खराब स्थिति बाजार, जेपी चौक, बबुनिया मोड़, अस्पताल मोड़ आदि जगहों की है। इन जगहों पर लगभग पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और घंटों लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। शहर में अतिक्रमण की स्थिति यह कि विभाग के पास ना तो अतिक्रमण से मुक्ति का कोई प्लान है और ना ही चलाए गए अभियान का फालोअप होता है। कोई पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण विभाग भी अब इसे महज खानापूर्ति मान चुका है। दोबारा जाम की स्थिति गंभीर होने पर ही अतिक्रमण हटाने पर विचार होता है। सदर एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सरकार व जिला प्रशासन की निर्देश पर जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था लेकिन यह रुका नहीं है। अगर कहीं अतिक्रमण हो रहा है और जाम लग रहा है तो अभियान के तहत कार्रवाई होगी।

## 151 किसानों के बीच कंबल का वितरण

**रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को ठंड से बचाव के लिए 151 जरूरतमंद किसानों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम की समाजसेवी अंशु गुप्ता के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललन सिंह ने किसानों के बीच कंबल वितरण किया गया और कहा कि इससे किसानों को ठंड से राहत मिलेगी। कंबल पाकर किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली है। इस मौके पर अंकित कुमार पटेल, विकास तिवारी, विशाल कांत, अजीत चौहान गुलाइची देवी आदि मौजूद थे।

